हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 7 .5 डिग्री

11 जिला युवा महोत्सव में आरपीएस स्कूल कोसली के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



12 तन्नै छोडूंगी भरतार...गाने पर जमकर थिरके कदम, कलाकारों ने जमकर बंटोरी तालियां



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए चार वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 2 सितंबर को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक बावल के शाहपुर निवासी शेरसिंह को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 1 नवंबर को हुए हादसे के आरोपी चालक राजस्थान के सोडावास निवासी खेमचंद को काबू किया है। 30 सितंबर को हुए हादसे में आरोपी एमपी के दौरिया निवासी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। सिटी पुलिस ने 29 अक्टूबर को हुए हादसे में आरोपी चालक बहाला निवासी नवीन को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट व धमकी मामले में दो गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में दाखिल घायल के बयान पर गत 29 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने पाली निवासी अमित और सचिन को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल गाड़ी भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बिजली कटों का सामना कर रहे ग्रामीण

**जाटूसाना।** क्षेत्र के गांवों में बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किया हुआ है। बेरली निवासी विजय, अनिल, सुमित, अजीत, विनोद व बलजीत आदि ने बताया कि बिजली लाइनों में खराबी के चलते बार-बार बिजली गुल हो जाती है। घंटों बिजली नहीं आती। ग्रामीणों को बिजली के बना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। लोग कई दिनों से बिजली की समस्या का सामना कर रहे हैं।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी। इसके बाद पुलिस ने 23 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के पटीसरा निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कल होगा श्री श्याम बाबा का जागरण

**कोसली।** सांवरिया सेवा मित्र मंडल के तत्वावधान में 8 नवंबर को श्री श्याम बाबा का जागरण कराया जाएगा। मंडल के पदाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे पार्क में होने वाले जागरण में बाहर से आने वाले कलाकार श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। जागरण से पहले 5 नवंबर को बाबा की निशान यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 9 नवंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। क्षेत्र के लोगों से जागरण में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

### सट्टा खाईवाली के आरोप में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** माडल टाउन थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूचना मिली थी कि किसान भवन के पीछे एक युवक सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मोहल्ला कंपनी बाग निवासी अश्वनी सट्टा खाईवाली रहा था। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

*बीते वर्ष महेंद्रगढ़ के कनीना के पास हुए हादसे से भी सबक नहीं लिया*

# स्कूल बसों में सुरक्षित नहीं सफर, मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़, चालकों को लेकर संचालक बेपरवाह

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गत वर्ष अप्रैल माह में महेंद्रगढ़ के उन्हाणी के पास हुए प्राइवेट स्कूल बस हादसे में 6 बच्चों की जान जाते ही प्रशासन से लेकर सरकार तक हिल गए थे। आनन-फानन में प्रदेश स्तर पर स्कूल बसों व उनके चालकों की जांच के लिए सघन अभियान शुरू किया गया। बड़ी संख्या में अनफिट बसों का संचालन बंद कर दिया गया। समय बीतने के साथ ही व्यवस्था पुराने ढर्रे पर लौटने लगी है। स्कूल संचालकों की लापरवाही के चलते शराब पीकर स्कूल बस चलाने के मामले सामने आने लगे हैं। गत 31 अक्टूबर को धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास रोड पर प्राइवेट स्कूल की बस बिजली के एचटी पोल से टकरा गई थी। बस में 40 से ज्यादा बच्चे सवार थे। बिजली सप्लाई तुरंत बंद होने से बड़ा हादसा टल गया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने गत बुधवार को सभी थाना प्रभारियों व ट्रैफिक पुलिस को अपने-अपने क्षेत्र में स्कूल बसों और उनके चालकों की चेकिंग करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने स्कूल बसों की जांच का कार्य शुरू कर दिया। चेकिंग के पहले ही दिन धारूहेड़ा में ट्रैफिक पुलिस ने तीन बसों को चेक किया, तो एक बस का चालक शराब के नशे में बस चलाते हुए मिला। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने का चालान करते हुए संबंधित स्कूल को चेतावनी देते हुए भविष्य में कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इससे पूर्व बावल में भी एक बस का चालक पुलिस चेकिंग के दौरान शराब के नशे में पाया गया था। कई स्कूल संचालकों ने ऐसे चालक रखे हुए हैं, जो बहुत कम वेतन में बस चलाते हैं। उनके पास वैध वाहन चालक लाइसेंस तक होने की गारंटी नहीं है। अच्छे चालक कम वेतन में वाहन चलाने को तैयार नहीं होते, जिस कारण कई स्कूलों के संचालक सस्ते चालक रखकर बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

**पुलिस जांच में सामने आ रहे शराब पीकर बस चलाने के मामले**

**कोहरे के समय बना रहेगा बड़ा खतरा**

सर्दी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। आने वाले दिनों में कोहरे का प्रकोप भी शुरू होने वाला है। कोहरे के दौरान बस और चालक दोनों के अनफिट होने से हादसों की आशंका बढ़ सकती है। जानकार सूत्रों के अनुसार कम वेतन में नौकरी कर रहे कई वाहन चालक नशे के शिकार हैं। नशे में बस चलाते समय वह कभी हादसों का कारण साबित हो सकते हैं। ऐसे में न सिर्फ चालकों की चेकिंग करने की आवश्यकता है, बल्कि अनफिट स्कूल बसों का संचालक भी बंद करना जरूरी हो गया है।



शराब के नशे में मिला स्कूल बस चालक, स्कूल बस की जांच करते हुए ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी

**एसडीएम जांच में भी मिल चुकी खामियां**

बावल एसडीएम की ओर से भी गत दिनों प्राइवेट स्कूलों में आरटीए टीम के साथ जाकर स्कूल बसों की जांच की गई थी। तीन स्कूलों की बसों की जांच के दौरान करीब एक दर्जन बसों को अनफिट पाया गया था। इन बसों का संचालन बंद करने के लिए संबंधित स्कूलों को एसडीएम ने नोटिस भी जारी किए थे, परंतु इसके बाद भी अनफिट बसों का संचालन बंद नहीं हुआ। आरटीए स्टाफ की ओर से सड़कों पर दौड़ रही अनफिट स्कूल बसों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा, जिससे कोहरे के सीजन में हादसों की आशंका बनी रहेगी।



रेवाड़ी। 11 अप्रैल 2024 को कनीना के पास दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस।

**चलाया जा रहा सघन जांच अभियान**



*ट्रैफिक पुलिस और थाना प्रबंधकों को स्कूल बसों की सघन जांच करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत चालकों के लाइसेंस से लेकर बसों की फिटनेस तक की जांच कराई जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने वाली बसों को ही चलाया जाए। नियमों की उल्लंघना करने वाली बसों के मालिकों पर भी एक्शन लिया जाएगा।*
*-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।*

**कनीना हादसे के बाद हिल गया था तंत्र**

गत वर्ष 11 अप्रैल को कनीना के पास उन्हाणी में शराब के नशे में धुत्त चालक ने स्कूल बस पेड़ में ठोक दी थी। इस हादसे में 8 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि कई बच्चे घायल हो गए थे। सूचना मिलने के बाद खुद तत्कालीन शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा घायल बच्चों से मिलने के लिए रेवाड़ी के प्राइवेट अस्पताल पहुंची थी। सरकार ने स्कूल बसों पर शिकंजा कस दिया था। पूरे प्रदेश में स्कूल बसों की चेकिंग कराई थी, जिसमें सैकड़ों बसों को 'अनफिट' घोषित किया गया था।

**फिटनेस को लेकर मामला ठंडे बस्ते में**

स्कूल बसों की फिटनेस को लेकर एक बार फिर से अधिकारी गंभीर नहीं हैं। स्कूल बसों की फिटनेस जांच के लिए सप्ताह में दो दिन का समय निर्धारित किया हुआ है। कई स्कूल संचालक अब भी अनफिट बसों को दौड़ा रहे हैं। बसों के टायर तक सुरक्षित नहीं हैं। 'सेटिंग' के आधार पर अनफिट बसों को भी पास कर दिया जाता है, जिससे एक बार फिर मासूमों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। अगर सही तरीके से जांच शुरू की जाए, तो बड़ी संख्या में बसों में खामियां उजागर हो सकती हैं।

# गोली मारकर हत्या का प्रयास करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने गत 26 जून को मोहल्ला शिव कॉलोनी में एक मकान पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।श वि कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि गत 26 जून को उसके मकान के बाहर दो युवक मोहल्ला कुतुबपुर निवासी गौरव व हेमंत उर्फ हांडी बाइक पर आए और उसके मकान पर फायरिंग करने लगे। फायरिंग की आवाज सुनकर जव उसकी बेटी ने मकान का दरवाजा खोलकर देखा तो आरोपी गौरव ने उस पर सीधे फायर करके जानलेवा हमला कर दिया।



रेवाड़ी। फायरिंग मामले में काबू आरोपी पुलिस के साथ। फोटो : हरिभूमि

**जीने में लगी गोली**

इस वारदात में उसकी बेटी के नीचे बैठ जाने के कारण गोली उनके मकान के जीने में जाकर लगी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर निवासी गौरव, हेमंत उर्फ हांडी व नक्षत्र उर्फ नक्सु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने एक और आरोपी एमपी के जिला दतिया के गांव सेवड़ा हाल किरायेदार मोहल्ला कुतुबपुर निवासी समीर खान को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर आरती राव का पूरा फोकसः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य, प्रमुख समाजसेवी व युवा नेता अनिल रायपुर ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने पद संभालने के बाद हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर पूरा फोकस करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर बदलाव किए हैं। उन्होंने मंत्री बनने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में जिस तरह का परिवर्तन किया है, उससे आम लोगों को पूरा फायदा मिल रहा है।

वीरवार को एक बयान में अनिल रायपुर ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्य करते हुए आरती राव ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हर विषय पर सकारात्मक तरीके से बदलाव करने की दिशा में बेहतर प्रयास किए हैं। उन्होंने विशेषज्ञों डॉक्टरों को 'ऑन कॉल' उपलब्ध कराने की जो योजना लागू की है, उससे सरकारी अस्पतालों में आम मरीजों को भी बड़ा फायदा मिल रहा है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों व दवाओं की कमी को पूरा किया जा रहा है। आयुष विभाग को सशक्त बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए हैं।

**आरती के निर्देश पर बावल में कैंप आज**



युवा नेता अनिल रायपुर

अनिल रायपुर ने बताया कि हरियाणा दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर बावल सामुदायिक केंद्र में 7 नवंबर को फ्री ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मेमोग्राफी की जाएगी। शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जांच के बाद उन्हें उपलब्धता के आधार फ्री दवाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिलाओं से लाभ उठाने की अपील की है।

**आम लोगों को फायदा**

आरती राव ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कमान संभालने के बाद पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की दशा में सुधार लाने के प्रयास तेजी से किए हैं, जिनका फायदा आम लोगों को मिल रहा है। अपने पिता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर आरती राव दक्षिणी हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विशेष तौर पर ध्यान दे रही हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नारनौल में मेडिकल कॉलेज में भी केंद्र सरकार से 100 सीटों की परमिशन आरती राव के प्रयासों से ही केंद्र ने दी है। इससे क्षेत्र के छात्रों को काफी फायदा मिलेगा।

*शिकायत दर्ज कराने के बाद भी नहीं चलाई बस*

# पटौदी के लिए सुबह की रोडवेज बस बंद, एक सप्ताह से यात्री परेशान, इंक्वायरी पर जमकर हंगामा

- दैनिक यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सामान्य बस स्टैंड से सुबह 8 बजे पटौदी के लिए रवाना होने वाली बस एक सप्ताह से बंद है। इससे दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार सुबह कई यात्रियों ने बस स्टैंड इंक्वायरी पर जमकर हंगामा किया। दैनिक यात्रियों ने बताया कि सुबह के समय पटौदी की ओर बड़ी संख्या में यात्री रवाना होते हैं। रोडवेज विभाग ने इस रूट पर सुबह के समय चलने वाली बस को करीब एक सप्ताह से बंद कर दिया है। इससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की ओर से पूछताछ केंद्र पर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसके बाद न तो बस का संचालन शुरू किया गया और न ही यात्रियों को बस बंद करने का कारण बताया जा रहा है। कुछ यात्रियों ने पूछताछ कार्यालय पर वीरवार सुबह जमकर हंगामा किया। यात्रियों ने आरोप लगाया की प्राइवेट बस ऑपरेटरों के साथ सांठगांठ के चलते रोडवेज बस बंद की गई है।



रेवाड़ी। वीरवार सुबह बस स्टैंड खाली पड़ा पटौदी बूथ, पूछताछ कार्यालय के कर्मचारी से बहस करता एक यात्री। फोटो : हरिभूमि

**जानकारी में नहीं मामला**

बस बंद करने का मामला मेरी जानकारी में नहीं है। हो सकता है कि टाइमटेबल में कोई बदलाव किया गया हो। अगर बस नहीं चल रही है, तो संबंधित अधिकारियों से बात करने के बाद उसे फिर से चलवाया जाएगा।
-निरंजन शर्मा, जीएम, रोडवेज।

**ऑन रिकॉर्ड समय पर दौड़ रही बस**

इससे दैनिक यात्रियों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। पूछताछ कार्यालय कर्मचारियों ने उन्हें अधिकारियों से मिलकर बात करने की सलाह दी। यात्रियों के लिए सुबह के समय पटौदी रूट पर जाने के लिए बस नसीब नहीं हो रही। कागजों में बस अभी भी अपने समय पर दौड़ रही है। सीआई कृष्ण कुमार से इस संदर्भ में बात की गई, तो उन्होंने दावा किया कि ऑन रिकॉर्ड कोई बस बंद नहीं की गई है। यह हो सकता है कि डीआई ने बस के समय में कोई बदलाव किया हो। ऐसा प्राइवेट बसों की रोटेशन को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है।

# नहर टूटने से कई एकड़ फसल जलमग्न किसानों ने उठाई मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल मूंदी

नांगल मूंदी गांव के पास जवाहरलाल नेहरू नहर टूटने से कई किसानों की फसल व जमीन जलमग्न हो गई। किसानों को सरसों की फसल की दोबारा बिजाई करनी पड़ेगी। किसानों ने विधायक अनिल यादव से मुआवजा दिलाने की मांग की है। गांव के खेतों से गुजर रही नहर टूटने के कारण खेतों में पानी एकत्रित हो गया। सूचना मिलने के बाद सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। नहर को ठीक कराते हुए पानी का बहाव रोक दिया। नहरी पानी उजाला, विनोद, शुभराम, श्रीचंद, शारदा देवी, भीखाराम, सत्यनारायण, शिवलाल, करणसिंह, हेमू पंच व हंसराम आदि किसानों के खेतों में एकत्रित हो गया।



नांगल मूंदी। नहर टूटने के बाद एक खेत में एकत्रित नहर का पानी, नहर के पानी में डूबी सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

**गेहूं की बिजाई भी होगी लेट**

इस समय किसान गेहूं की बिजाई की तैयारी में लगे हुए हैं। खेतों में नहर का पानी एकत्रित होने के कारण पानी सूखने पर ही गेहूं की बिजाई हो सकेगी। पानी सूखने में समय लग सकता है, जिससे बिजाई भी देरी से होगी। इससे गेहूं की फसल का उत्पादन भी प्रभावित होगा। प्रभावित किसानों ने एमएलए अनिल यादव से मांग की है कि उन्हें सरकार की ओर फसल खराब होने का मुआवजा दिलाया जाए। इनमें से कई किसानों की अंकुरित हो रही सरसों की फसल खराब हो गई। इन किसानों को सरसों की दोबारा बिजाई करनी पड़ेगी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बिजाई का समय बीत जाने के कारण पछेती सरसों का उत्पादन भी प्रभावित होगा।

**रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट, ठंड के साथ बढ़ने लगा प्रदूषण का स्तर**

# सीजन की सबसे ठंडी रही बुधवार की रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम में कड़ाके की ठंड की ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। दिन-रात के तापमान में कमी और अंतर भी कम होने से ठंड का असर बढ़ना शुरू हो गया है। बुधवार की रात इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। दिन के तापमान में भी कमी आई है। इससे प्रदूषण का स्तर एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गया है। अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है।

वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बावजूद मौसम का मिजाज ठंडा बना रहा। लोगों को अब जलद गर्म कपड़े संभालने की आवश्यकता है। अधिकतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 27.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का सबसे कम तापमान है। हवा में नमी का स्तर कम होकर 34 प्रतिशत पर आ गया, जबकि हवाओं की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम ठंडा होने से रात के समय पंखों का इस्तेमाल भी लगभग बंद हो गया है। रात को रजाई और दिन में गर्म कपड़े संभालने का समय आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ बना रहेगा।

**ठंड की ओर तेजी से बढ़ने लगा मौसम**



रेवाड़ी। वीरवार सुबह आसमान में छाई धुएं की चादर। फोटो : हरिभूमि

**प्रदूषण का खतरा फिर बढ़ने लगा**

मौसम ठंडा होते ही प्रदूषण के कारक तत्व जमीन के आसपास ही मंडराने लगे हैं। एक दिन पूर्व धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 100 के आसपास आ गया था। ठंड बढ़ते ही वीरवार को शाम के समय एक्यूआई बढ़कर 231 पर पहुंच गया। सुबह से ही आसमान में धुएं की चादर बनी रही, जिससे विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत भी हुई। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि ज्यादा ठंड पड़ने पर प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में तापमान गिरने से एक्यूआई एक बार फिर लोगों को परेशान कर सकता है।

**बारिश की अभी कोई संभावना नहीं**

बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है। तेज धूप खिलने के बावजूद हवाएं चलने से मौसम का मिजाज ठंडा बना रहेगा। दिन और रात के तापमान में कमी आएगी, जिससे जल्द कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।

### विधायक आज सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 7 नवंबर को सुबह दस से दोपहर बारह बजे तक जाटूसाना बीडीपीओ कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। विधायक अनिल यादव अपने विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हैं। कड़ी में शुक्रवार को सुबह दस बजे वे जाटूसाना ब्लाक कार्यालय में जन शिकायतों को सुनकर उनका समाधान करवाएंगे। कि आम जन अपनी शिकायत को लिखित में लेकर आएं और उस पर अपना मोबाइल नंबर भी अवश्य लिखें। जिससे कि बाद में उनसे संपर्क किया जा सके। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत

डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

## कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए, कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

## कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

## लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

## ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट



सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

## शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *






### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक

रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं। दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़िया चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर किरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना ठलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विकल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें



1 जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।



2 मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।

3 माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178



1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आईसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आईसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल ही में किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद

**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार




कहानी

दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू



होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करूं? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।

उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..!' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने सोचा। बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'

होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *



कहानी

सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड



एआई इमेज

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।

'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक पर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।





उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल हैं। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### 2100 की पहली किस्त पाकर खिल चेहरे: सरपंच

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने बताया कि 2100 रुपये की पहली किस्त पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये की पहली किस्त मिली है। इस राशि से उनके गांव में महिलाएं अपने छोटे-छोटे सपने पूरे करने और आत्मनिर्भर बनने की उम्मीद कर रही हैं। कुछ इसे अपनी जरूरतों पर खर्च करेंगी तो कुछ परिवार के लिए खुशियां खरीदेंगी। सरपंच आरती यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया।


सरपंच आरती यादव।



### विद्यार्थियों को दी कानून संबंधित जानकारी

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक रोग और बौद्धिक अक्षमताओं से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और सरकारी कल्याण योजनाओं के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने की। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता धर्मेश कुमार जोशी ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं और समाज में ऐसे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

### रेलवे स्टेशन पर लगे कैंप में बनाए लाइफ सर्टिफिकेट

**महेंद्रगढ़।** शहर के रेलवे स्टेशन पर उत्तर पश्चिमी रेलवे बीकानेर डिवीजन की तरफ से सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मचारियों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाए गए। जोनल अध्यक्ष सेवानिवृत्त केके सक्सेना, ब्रांच सेक्रेटरी जेपी यादव, लोहारू ब्रांच अध्यक्ष हरिकिशन शेखावत व कोषाध्यक्ष व प्रजापति प्रधान इंद्रसिंह की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया गया व डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंप लगाया गया। जिसमें करीब 15 सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मियों को मौके पर ही सर्टिफिकेट बनाए गए। 13 नवंबर को डीआरएम ऑफिस बीकानेर की ओर से एक कैंप का आयोजन लोहारू स्टेशन पर किया जाएगा।

### स्व. धर्मादेवी की पुण्यतिथि पर पुस्तक का लोकार्पण

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़। नफेसिंह योगी मालड़ा ने अपनी परंपरा को निरंतर बरकरार रखते हुए एक बार फिर स्वर्गीय दादी मां धर्मा देवी की पुण्यतिथि वीरवार को हिन्दी साहित्य की पद विद्या में रचित पुस्तक ज्ल्दी घर तुम आना बेटा को अपने साहित्यिक गुरु डॉ. मनोज भारत के मार्गदर्शन में अपने परिवार के साथ लोकार्पण किया। नफेसिंह योगी इसी प्रकार से अपनी दादी मां की पुण्यतिथि पर अपने सम्पूर्ण परिवार के साथ हर साल पुस्तकों का लोकार्पण करते है।

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की अनूठी पहल : 'हैलो छोड़ो, वंदे मातरम बोलो' अभियान का शुभारम्भ

**ट्रस्ट पदाधिकारी रेंडम रूप में 50 लोगों को करेंगे फोन, जो हैलो के स्थान पर बंदे मातरम बोलकर उत्तर देंगे, उन्हें ट्रस्ट देगा सम्मान पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के लिए एक अनूठा अभियान 'हैलो छोड़ो, वंदे मातरम बोलो' आरंभ किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा की माने तो इस अभियान का उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में देशभक्ति के प्रतीक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ट्रस्ट ने जनजागरूकता के माध्यम से यह संदेश देने का संकल्प लिया है कि फोन पर बातचीत की शुरुआत विदेशी शब्द "हैलो" के बजाय भारतीय अभिवादन "वंदे मातरम" से की जाए। कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व ट्रस्टी नरोत्तम सोनी एवम दिनेश कुमार प्राचार्य को दिया गया है जबकि सह संयोजक ओशीन शुक्ला व प्रेमलता सैनी रहेंगे।

■ जनजागरूकता के माध्यम से संदेश देने का संकल्प लिया

### अब पदाधिकारी यादृच्छिक (रेंडम) रूप से लोगों को करेंगे फोन


संजय शर्मा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने आगे बताया कि इस अभियान के तहत ट्रस्ट के पदाधिकारी यादृच्छिक (रेंडम) रूप से 50 लोगों को फोन करेंगे। जो व्यक्ति फोन पर "हैलो" के स्थान पर "वंदे मातरम" बोलकर उत्तर देंगे, उन्हें ट्रस्ट की ओर से सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल भारतीय संस्कृति, सम्मान और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का प्रयास है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' ने जिस तरह लोगों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्ज्वलित की थी, उसी भावना को आज पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज एवं राकेश शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट आने वाले समय में विद्यालयों, संस्थानों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी 'वंदे मातरम' के नियमित गायन को प्रोत्साहित करेगा, ताकि नई पीढ़ी भारतीयता और देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो सके।

### क्या है वंदे मातरम का इतिहास

ट्रस्टी भीमसेन शर्मा व अजय कुमार ने बताया कि ट्रस्ट का उदेश्य राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े इस गीत को जन जन की जुबान पर लाना है। 'वंदे मातरम' भारत का राष्ट्रीय गीत है, जो केवल एक रचना नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा बन चुका था। इसका अर्थ है—"मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं" या "मां, मैं तेरी वंदना करता हूं"। यह मातृभूमि भारत को देवी के रूप में प्रणाम करने की भावना का प्रतीक है।' वंदे मातरम' की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 के दशक में की थी। इसे पहली बार उनके 'आनंदमठ' उपन्यास में सन 1882 में प्रकाशित हुआ। इस गीत में भारत माता को दुर्गा के रूप में चित्रित किया गया है—जो समृद्धि, शक्ति और करुणा की प्रतीक हैं। 'वंदे मातरम' ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्तों का प्रेरणास्रोत बनकर क्रांति की लहर पैदा की। ब्रिटिश शासन के दौरान इसे गाने पर कई जगह प्रतिबंध भी लगाया गया, क्योंकि यह जनता को एकजुट करता था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को "वंदे मातरम" को राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया। यह केवल शब्द नहीं, बल्कि उस भावना का प्रतीक है जिसने लाखों भारतीयों को बलिदान, साहस और स्वतंत्रता की राह पर अग्रसर किया। यह आज भी भारतीय अस्मिता, एकता और देशभक्ति का अमर प्रतीक है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट वंदे मातरम के 150 साल के इतिहास को भव्य तरीके से मनाने को प्रयासरत है।

## शुद्ध पेयजल व सुदृढ़ सीवर व्यवस्था के लिए विभाग प्रतिबद्ध: जितेन्द्र

# पेयजल व सीवरेज कनेक्शन के लिए अब दो विकल्प

**पहला विकल्प : उपभोक्ता जल कनेक्शन के 1000 और सीवरेज कनेक्शन के 500 रुपये अग्रिम जमा कर प्रचलित टैरिफ दरों के अनुसार जल शुल्क का भुगतान करें**

■ दूसरा विकल्प : उपभोक्ता 15 वर्ष की अवधि के लिए जल व सीवर कनेक्शन शुल्क के बदले 10 रुपये प्रति माह अतिरिक्त भुगतान करने की दे सकते है सहमति


नारनौल। जितेंद्र हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

जल जीवन मिशन व अमृत 2.0 के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल प्रबंधन और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अपने इंजीनियरिंग स्टाफ तथा डब्ल्यूएसएसओ (जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन) स्टाफ के सहयोग से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व सुदृढ़ सीवर व्यवस्था मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जानकारी देते हुए नोडल कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र हुड्डा ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता को नल के माध्यम से निरंतर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके लिए इंजीनियरिंग स्टाफ व आरएमई टीम के सदस्य लगातार कार्यरत हैं। किसी भी स्थान पर पेयजल पाइपलाइन में टूट-फूट या लीकेज संबंधी सूचना प्राप्त होते ही विभाग संबंधित जेई के माध्यम से तुरंत उसे दुरुस्त करवा रहा है। वहीं पेयजल की बर्बादी को रोकने एवं उपभोक्ताओं को पेयजल प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करने और पेयजल गुणवत्ता जांच संबंधी प्रशिक्षण देने का कार्य भी कर रही है। इस कार्य के लिए प्रत्येक माह खंडवार एक्शन प्लान तैयार कर गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। पेयजल व सीवरेज संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु विभाग ने टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 जारी किया है। इसके अतिरिक्त डिवीजन कार्यालय नारनौल में शिकायत दर्ज करवाने हेतु दूरभाष नंबर 01282-252601 तथा मुख्यालय की ओर से व्हाट्सएप नंबर 90417-41800 भी जारी किया गया है, जिन पर उपभोक्ता अपनी समस्या दर्ज करवा सकते हैं।

■ विभाग का टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 जारी

### शहर के उपभोक्ताओं को पेयजल कनेक्शन

हरियाणा सरकार द्वारा 25 सितंबर 2025 को जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार अब नगरपालिका क्षेत्रों के उपभोक्ताओं तथा नगरपालिका में शामिल गांवों के नागरिकों को जल एवं सीवर कनेक्शन के लिए दो विकल्प प्रदान किए गए हैं। पहला विकल्प उपभोक्ता जल कनेक्शन के 1000 रुपये और सीवर कनेक्शन के 500 रुपये अग्रिम जमा कर प्रचलित टैरिफ दरों के अनुसार जल शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। दूसरा विकल्प उपभोक्ता 15 वर्ष की अवधि के लिए जल एवं सीवर कनेक्शन शुल्क के बदले 10 रुपये प्रति माह अतिरिक्त भुगतान करने की सहमति दे सकते हैं। यदि विभाग द्वारा जल मीटर लगाया जाता है, तो छह वर्ष की अवधि के लिए जल मीटर की लागत के बदले 25 रुपये प्रति माह भुगतान किया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं के पास पहले से जल मीटर मौजूद है, उनसे यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस अधिसूचना के तहत नए कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को अधिसूचना जारी होने की तिथि से पांच वर्ष तक रोड कट शुल्क से छूट दी जाएगी। हालांकि यदि उपभोक्ता अपने जल कनेक्शन पर घरेलू जल मीटर नहीं लगवाता, तो उसे रोड कट शुल्क वहन करना होगा। सरकार की यह पहल उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### नवंबर माह की गतिविधियों का प्लान जारी

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पेयजल प्रबंधन एवं पेयजल की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से जल जागरूकता कार्यक्रम का खंडवार एक्शन प्लान तैयार कर जारी कर दिया गया है। नवंबर माह में प्रत्येक खंड की चार ग्राम पंचायतों में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठकें आयोजित कर पेयजल प्रबंधन संबंधी चर्चा की जाएगी तथा ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायतों में इस योजना को लागू किया जाएगा। साथ ही, स्वच्छता निगरानी हेतु पेयजल स्रोतों पर विजिट कर प्रत्येक खंड की पांच ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक खंड के चार सरकारी विद्यालयों, पांच आंगनवाड़ी केंद्रों, चार जल चौपालों व जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जल जागरूकता अभियान को ओर तेज गति से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है ताकि स्वच्छ, सुजल और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके।

# डीसी सुनी शिकायतें व निदान के दिए निर्देश


महेंद्रगढ़। शिविर में समस्याएं सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। समाधान शिविर में शिकायतें सुनने के दौरान डीसी ने आमजन से कहा कि समाधान शिविर शिकायतों के निदान का केंद्र बन रहे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में लोग अपनी शिकायतों के निवारण के लिए पहुंच सकते हैं।

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि समाधान शिविर जन सुनवाई का सशक्त माध्यम है। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करवा रहे हैं। इन शिविरों में आने वाली शिकायतों के समाधान की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिग करते हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से उच्चाधिकारियों की ओर से भी हर सप्ताह वर्चुअल माध्यम से बैठक कर समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के निवारण संबंधित समीक्षा की जाती है, इसलिए आमजन को इन समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए।

■ समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

समाधान शिविर में कुल 52 समस्याएं रखी गई। डीसी ने समाधान शिविर में आई परिवार पहचान पत्र, पेंशन, गली निर्माण, अवैध कब्जे, बिजली निगम, सड़क निर्माण संबंधित शिकायतों को विभाग के अधिकारी को तय समय में समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम कनिका गोयल सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिले में आज एकसाथ गूंजेगा 'वंदे मातरम'

■ राष्ट्रीय गीत के इतिहास पर लगेगी प्रदर्शनी, राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर जिलास्तरीय समूहगान सभागार नारनौल में

■ पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

देशभर में सात नवंबर शुक्रवार की सुबह 10 बजे मां भारती को समर्पित देश भक्ति एवं आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत वंदे मातरम की गूंज सुनाई देगी। इसी कड़ी में जिला के नागरिक एक साथ वंदे मातरम का गायन करेंगे। वन्दे मातरम् के स्मरणोत्सव के तहत जिला स्तर का कार्यक्रम लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में होगा।

जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह कार्यक्रम पूरे गरिमामय तरीके से आयोजित करवाए जाएंगे। सभी निजी तथा सरकारी स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपमंडल और ब्लॉक स्तर पर भी इसी प्रकार समूहगान होगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री का संबोधन भी बड़ी एलइडी के जरिए सुना जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के इतिहास को लेकर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मंच से भी इस जीत के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंत में हरियाणा राज्य का गीत बजेगा। इस संबंध में एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने सभागार में तैयारियों का जायजा लिया।

# विद्या भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में किया सराहनीय प्रदर्शन


नारनौल। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के विद्यार्थियों ने आरपीएस जखराना में आयोजित अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में छात्र यक्ष ने 100 मीटर रेस व लंबी कूद में प्रथम स्थान, गौरव ने 100 मीटर रेस व लंबी कूद में प्रथम स्थान, आंचल ने 100 मीटर रेस में प्रथम तथा तनीषा ने ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम, आर्यन ने 100 मीटर रेस व लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम, रोहित ने 100 मीटर रेस में प्रथम तथा साक्षी ने 100 मीटर रेस व लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इसके अतिरिक्त विद्यालय की टीम ने कबड्डी (कक्षा छठीं से नौवीं) छात्राओं ने तथा कबड्डी (छठीं से आठवीं) छात्रों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह खो-खो (कक्षा छठीं से बारहवीं) में छात्राओं ने तथा खो-खो (कक्षा नौवीं से बारहवीं) में छात्रों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसके अलावा वॉलीबाल (कक्षा नौवीं से बारहवीं) ने छात्रों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

### यह रहे मौजूद

चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. ऊषा यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मेडल प्रदान किए। प्राचार्य विनोद यादव ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस व्यस्ततम जीवन में खेल व व्यायाम अत्यावश्यक है। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य व खेल तीनों का समान महत्व है। अतः स्वस्थ रहने के लिए बच्चों में सकारात्मक विचारधारा जागृत करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल आदि भी आवश्यक हैं। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, को-ओर्डिनेटर भावेश गोयल तथा कोच पूनम देवी व राहुल आदि उपस्थित थे।

# माता मरियम में बेटियों के सम्मान में कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

नसीबपुर स्थित माता मरियम जनसेवा विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह सात नवंबर को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम सायं 5:30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य फादर जॉन एम. फर्नांडिस ने बताया कि वार्षिक उत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम को ऋत्वः शीर्षक दिया गया है तथा इसमें हरियाणा प्रदेश के बेटियों की मटके से मेडल तक पहुंचने की जीवनगाथा को दर्शाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा की बेटियां अब चूल्हा–चौका से लेकर पानी के मटके लाने तक सीमित नहीं हैं। अब वे इस सीमा से बाहर निकलकर देश के लिए मेडल लाने लगी हैं और राष्ट्रीय नहीं, अपितु अंतर राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना चुकी हैं। ओलंपियन गीता–बबीता ही नहीं, वैज्ञानिक कल्पना चावला एवं सुनीता विलियम्स इसके नामी उदाहरण हैं, जिन्होंने विश्व क्षितिज पर अपना नाम लिखा है।

### वार्षिक उत्सव पर आमंत्रित



प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली बोर्ड अध्यक्ष आर्क बिशप डॉ. अनिल जेटी कूटो होंगे, वहीं बिशप दीपक वी. टोरों कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विधायक ओमप्रकाश यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक उत्सव पर स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय के जिन छात्रों ने पीएमटी, इंजीनियरिंग व अन्य क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है, उन्हें भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न कक्षाओं में मेरिट में आने वाले बच्चों को भी मुख्य अतिथि व अन्य अतिथि अपने हाथों से सम्मानित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया है।

# सीए फाउंडेशन की परीक्षा में एसडी स्कूल की छात्रा उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कनीना


छात्रा सोनम।

■ छात्रा को पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला की छात्रा ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण की है। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि वाणिज्य संकाय की छात्रा सोनम ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सौजन्य से आयोजित प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सोनम ने पहले प्रयास में ही यह परीक्षा पास की है। जो सबके विद्यार्थियों के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर उन्होंने अभिभावक व शिक्षकों को इसी प्रकार मेहनत के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने छात्रा को पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, सुनील यादव, देवव्रत, अनिता यादव, स्नेहलता आदि उपस्थित थे।

**मनमोहा** युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जमाया रंग, आज समापन होगा

# डीसी ने किया दो दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सभागार भवन में विकसित युवा-विकसित भारत थीम पर चलने वाले दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इसके अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गई। वहीं सभागार भवन के प्रांगण में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नवाचार ट्रैक (साइंस मेला) के तहत जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि एक ओर युवा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी समृद्ध विरासत और कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सभागार भवन के प्रांगण में नवाचार ट्रैक के तहत जो अद्भुत प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए हैं, वे हमारे भविष्य की तस्वीर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच आपको अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने, अपनी कमजोरियों को पहचानने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अंध महाविद्यालय की लड़कियों द्वारा स्वागत गीत उपायुक्त के लिए गाया गया। इसके बाद प्रिंसिपल राजकीय आईटीआई के द्वारा मुख्य अतिथि व सभी अन्य अतिथियों का स्वागत किया।





नारनौल। कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीसी व कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं फोटो: हरिभूमि

### सभी का स्वागत किया

इस दौरान आईटीआई के प्रिंसिपल विनोद खनगवाल ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. ममता शर्मा व सिमरन चौहान ने किया। इस मौके पर आईटीआई के चेयरमैन सुरेश चौधरी, डीएचई की नोडल अधिकारी डॉ पूर्ण प्रभा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### नशीला पदार्थ हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** एचएसएनसीबी की टीम ने गुरावड़ा के पास एक कार में नशीला पदार्थ ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हेरोइन बरामदहोने के बाद रोहड़ाई पुलिस थाने में उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।
ब्यूरो की टीम को सूचना मिली थी कि गुरावड़ा निवासी सचिन उर्फ डॉक्टर नशीले पदार्थों की बिक्री का धंधा करता है। वह कार लेकर अपने गांव की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद ब्यूरो की टीम ने गुरावड़ा मंदिर के पास नाकेबंदी कर दी। नाकेबंदी के दौरान टीम ने एक स्विफ्ट कार को रुकवाकर उसे साइड में लगवा दिया।

### बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित पुलिस-पब्लिक स्कूल के दूसरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी गुरुग्राम स्थित महासुख फार्म में शैक्षिक भ्रमण के लिए गए। सभी बच्चों ने बहुत कुछ सीखा और वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का लुत्फ उठाया। स्कू प्रचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों ने महासुख फार्म में एक यादगार शैक्षिक भ्रमण का अनुभव किया। उन्होंने न केवल नए अनुभव प्राप्त किए, बल्कि उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर नए खेल भी खेले। इस भ्रमण में बच्चों ने प्रकृति के करीब जाकर उसके महत्व को समझा। आसपास के वातावरण के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

### आज स्कूलों में मनाएंगे वंदे मातरम की वर्षगांठ

**कोसली।** भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देशभक्ति की भावना के साथ 7 नवंबर को उपमंडल के स्कूल, कालेज व सरकारी संस्थाओं में मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह दस बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि आज से 150 साल पहले बंगाल के साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत की रचना की थी। आजादी के आंदोलन में देश के क्रांतिकारियों के लिए यह गीत प्रेरणा का स्त्रोत था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में इस वर्षगांठ को राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया है।

### सेंध लगाकर नकदी व जेवरात ले गए चोर

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र में अज्ञात चोर एक बंद मकान में सेंध लगा कर जेवरात, नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक कविता ने कोसली थाने में दी शिकायत में कहा है कि वह तीन नवंबर को गंगायचा जाट गांव में शादी में गए थे। बुधवार को वापस आए तो अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी में रखे चांदी के पायजेब, सोने का लाकेट, बीस हजार रुपये की नकदी, बैंक की पासबुक व एक एलसीडी गायब मिली। जिन्हें कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### जुआ खेलते हुए चार आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रुपये नकदी बरामद की गई है। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव झाड़ोदा के जोहड़ किनारे कुछ लोग ताश के पत्तों से पैसे दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम नवीन निवासी गांव लूखी, दुसरे ने कालूराम निवासी गांव गोरिया जिला झज्जर हाल आबाद कोसली, तीसरे ने दीपक निवासी गांव दखोरा व चौथे ने अनिल निवासी गांव दखोरा बताया।

## केएलपी कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन, प्रतिभाओं ने मंचों से दिखाए कला के जौहर

# तन्नै छोड़ूंगी भरतार...गाने पर जमकर थिरके कदम, कलाकारों ने जमकर बंटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केएलपी कॉलेज में चल रहे आठवें जोनल यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से परिपूर्ण रहा। पहले दिन की तरह आज का दिन भी शानदार रहा। हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए युवा प्रतिभाओं ने अपनी कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। वीरवार के कार्यक्रम में बावल विधायक डॉ. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ आईजीयू मीरपुर के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, डीसी अभिषेक मीणा, पंकज अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, आईजीयू मीरपुर से अदिति शर्मा एवं डीपी भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर शिरकत की। डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि ऐसे उत्सव युवाओं की प्रतिभा को दिशा देने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती केवल परिश्रम की नहीं, बल्कि संस्कृति और सृजन की भी भूमि है। ऐसे आयोजनों से हमारी परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। प्रो. दिलबाग सिंह ने कॉलेज की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि कल का दिन बहुत शानदार रहा और हमें पूरा विश्वास है कि आज का दिन और भी रोमांचक व मनोरंजक रहेगा। तन्नै छोड़ूंगी भरतार...गाने पर जमकर थिरके कदम, कलाकारों ने जमकर तालियां बंटोरी।







रेवाड़ी। मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कलाकार तथा कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते हुए चीफ गेस्ट व अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### आयोजन को लेकर कॉलेज परिवार को गर्व

*प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता ने कहा कि केएलपी कॉलेज परिवार को गर्व है कि उसे ऐसे भव्य आयोजन को करने का अवसर मिला। यह युवा ऊर्जा और कला का उत्सव है, जहां हर प्रतिभागी अपने हुनर से प्रेरणा देता है। दूसरे दिन कुल 15 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मंच संख्या 1 पर कव्वाली और हरियाणवी सोलो डांस की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच संख्या 2 पर माइम, ग्रुप सॉन्ग , ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न और स्किट आयोजित हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने अभिनय और संगीत के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया। मंच संख्या 3 पर अंग्रेजी वाद-विवाद और अंग्रेजी काव्य पाठ आयोजित हुए, जहाँ प्रतिभागियों ने अपने तर्क और शब्दों की कला से सबका दिल जीता।*

### मंच चार पर हुआ सोलो वेस्टर्न वोकल

*मंच संख्या 4 पर सोलो वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंटल और सोलो वेस्टर्न वोकल प्रस्तुत किए गए जिनकी मधुर धुनों और स्वरों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संख्या 5 पर ऑन द स्पॉट पेंटिंग और समुच्चित चित्रकला की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। विद्यार्थियों की कलात्मक सोच ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और उन्होंने प्रतिभागियों की दिल से सराहना की। मंच संख्या 6 पर नुक्कड़ नाटक ने सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी।*

### मंच सात पर वाद-विवाद का रहा जलवा

*मंच संख्या 7 पर हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था ह्सदन के विचार में, सूचना की राजनीति ने निजता और नागरिकता के बीच की सीमाओं को पुनः परिभाषित कर दिया है। छात्रों ने अपनी वाक-कला से विचारों की गहराई को अभिव्यक्त किया। प्रतिभागियों ने गहन तर्कों, सटीक तथ्यों और प्रखर अभिव्यक्ति के माध्यम से अपने विचार रखे। पक्ष का वक्ताओं ने सूचना की राजनीति को पारदर्शिता और नागरिक सशक्तिकरण का साधन बताया, वहीं विपक्ष के वक्ताओं ने इसे निजता पर बढ़ते खतरे और नागरिक स्वतंत्रता की सीमाओं में हस्तक्षेप के रूप में देखा।*

### सांस्कृतिक जोश में मशगूल रहे युवा

*पूरा परिसर युवा उत्साह और सांस्कृतिक जोश से गूंज उठा। प्रतिभागियों के चेहरों की मुस्कान और दर्शकों की तालियां इस आयोजन की सफलता की गवाही दे रही थीं। इस अवसर पर पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के प्रधान अशोक सोमानी, बृजलाल गोयल, सतीश बीएड कॉलेज के प्रधान एनके गुप्ता, आरडीएस कॉलेज के प्रधान मुकेश भट्टे वाले, मोहनलाल, अनिल रुस्तगी, अजय मित्तल, दुर्गा दत्त गोयल, विनयशील गोयल, दीपक यादव, दीपक अग्रवाल पाल्हावासिया, केएलपी कॉलेज के पूर्व प्रधान अमित गुप्ता, रमेश मित्तल व रतनलाल आदि मौजूद रहे।*

## टूटी सड़क : उड़ती धूल बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल मूंदी



कोसली विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव मांढया खुर्द के ग्रामीण रोड टूटने से उड़ती हुई धूल की वजह से परेशान हो गए है। पूर्व सरपंच बिजेंद्र कुमार ने बताया कि रेवाड़ी से कोसली को जाने वाला रोड कई महीने से हमारे गांव में टूटा हुआ है। रोड टूटने से यहां से जाने वाले साधनों को तो दिक्कत होती ही है उससे ज्यादा समस्या रोड के नजदीक रहने वाले परिवारों को हो रही है, क्योंकि इन घरों में साधनों के आवागमन की वजह से लगातार धूल उड़ती है जो सीधे घरों में जाती है। कई घरों में तो श्वासं के मरीज हैं, जिनको इससे और ज्यादा परेशानी हो गई है। मौके पर एकत्रित ग्रामीण होशियार सिंह, प्रकाशचंद, अजय सिंह, मास्टर जसवंत सिंह, अजय कुमार, यशवंत, अरविंद कुमार, ईश्वर नंबरदार व रामकुमार ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कुछ दिन पहले वह विधायक अनिल कुमार व रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव से भी मुलाकात कर इसके समाधान के लिए मिले थे, लेकिन अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

## मंदिर के पुजारी की नकदी और सामान चोरी पुलिस ने पहचान के बाद काबू किया आरोपी



**रेवाड़ी।** गत 4 नवंबर को बारा हजारी दुर्गा मंदिर के पुजारी की नकदी व अन्य सामान चोरी हो गया। पुजारी ने मंदिर के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो एक ई-रिक्शा चालक नकदी व सामान चोरी करता हुआ नजर आया। पुजारी ने फुटेज पुलिस को सौंपी, तो सिटी पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया गया। मंदिर के पुजारी पं. अयोध्या प्रसाद ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह काफी समय से दुर्गा मंदिर में पुजारी के रूप में सेवारत है। 4 नवंबर को उसका एक बैग चोरी हो गया। बैग में 28500 रुपये, एक लैपटॉप, महंगे स्टोन, पासबुक, चांदी की अंगूठियां व अन्य सामान था। उसका बैग मंदिर के हॉल में रखा हुआ था। उसने बैग चोरी होने के बाद कैमरों की फुटेज चेक की, तो एक व्यक्ति चोरी करते हुए दिखाई दिया। बाद में वह ई-रिक्शा लेकर चला गया। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर 5 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने अंबेडकर कॉलोनी खड्डा बस्ती कुतुबपुर निवासी सिद्धार्थ को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज डायरी

### सरवन स्कूल में हुआ लाफ्टर सेशन



**बावल।** नंगली परसापुर रोड स्थित सरवन इंटरनेशनल स्कूल में वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वावधान में एक लाफ्टर सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जमकर ठहाके लगाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक कपूर के साथ-साथ अरुण व कपिल रहे। प्रधानाचार्य ने कॉर्डिनेटर ज्योत्सना सिंह, संगीता चौधरी व ज्योति अग्रवाल के साथ दल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। दीपक कपूर ने सभी बच्चों को हंसी से जुड़ी लाफ्टर एक्सरसाइज करवाई। कपूर ने बच्चों को बताया कि हंसी न केवल मन को प्रसन्न करती है, बल्कि यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभदायक है। उन्होंने कहा कि नियमित लाफ्टर एक्सरसाइज करने से तनाव दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### रीजनल सेंटर में हुआ विस्तार पर व्याख्यान

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में वीरवार को अंग्रेजी विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन पीजी कालेज फार वुमन झज्जर में अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डा अनुपमा यादवने औपनिवेशिक परियोजना का विच्छेदन नियंत्रण की रणनीतियां और प्रवासी समुदायों के अर्थ का निर्माण विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने औपनिवेशिक परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे औपनिवेशिक शक्तियों ने नियंत्रण की रणनीतियों का उपयोग करके प्रवासी समुदायों के अर्थ का निर्माण किया। औपनिवेशिक परियोजना ने न केवल राजनीतिक और आर्थिक नियंत्रण स्थापित किया, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक संरचनाओं को भी प्रभावित किया। इस अवसर पर डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. अंजलि, डा. सोनिया यादव, डा. प्रदीप कुमार शर्मा, सनिता यादव, निर्मला व सुशीला सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाए जौहर



**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या डॉ. नम्रता सचदेवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने मुख्यातिथि, अध्यक्षा, प्रवक्ताओं एवं प्रतिभागी छात्रों का कार्यक्रम में अभिनंदन करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 25 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में अंग्रेजी शोषण और जमींदारों के अत्याचार के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया।

### अनशन पर बैठे बुजुर्ग, आंदोलन पकड़ रहा जोर



**रेवाड़ी।** रामगढ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन जोर पकड़ रहा है। क्रमिक अनशन के 11वें वीरवार को 80 वर्षीय पूर्व हेडमास्टर जगदीश रामगढ़ व 77 वर्षीय बिरेन्द्र सिंह अनशन पर बैठे। जांट सायरवास गांव के चौ. रणबीर सिंह व चौ. भूपेंद्र सिंह ने उन्हें फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। धरने का आज 143वां दिन शुरू। इस अवसर पर आन्दोलनकारियों ने अपनी मांग के समर्थन मे लड़ेंगे-जीतेंगे आदि नारे लगाये। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने में रामगढ भगवानपुर सहित क्षेत्र के दर्जनों गावों बुडाना, बुडानी, गोकलपुर, जाट, जाटी, कुंभावास, मीरपुर, तुर्कियावास, फदनी, फिदेड़ी, सुनारिया ,असदपुर, मालाहेड़ा, ढाकिया, खटावली, राजपुरा आलमगीर, रोझका, जीतपुरा, माढैया कला, नया गांव व रेवाड़ी शहर की अनेक कालोनियों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और अपना समर्थन दिया।

## हाइवे के सर्विस रोड पर भरा दूषित पानी कस्बे के दुकानदारों को हो रही परेशानी



**कुंड।** जैसलेमेर नेशनल हाइवे के सर्विस रोड पर कुंड बस स्टैंड के पास सीवर का दूषित फैल रहा है, जिससे दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों को बदबूमय माहौल में अपनी दुकानों पर बैठना पड़ रहा है।
रामकिशन, सुरेंद्र, बिल्लू, विक्रम, विनय कुमार व संजय आदि ने बताया कि सर्विस रोड के पास से गंदे पानी का नाला निकल रहा है, जो बस स्टैंड से आगे खुला हुआ है। इस नाले का दूषित पानी कई दिनों से सर्विस रोड पर फैल रहा है। दूषित पानी से उठने वाली दुर्गंध से दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जलभराव के कारण बस स्टैंड के आसपास मच्छरों का प्रकोप भी बना हुआ है, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी हुई है। दुकानादारों के लिए अपनी दुकानों पर बैठना भी मुश्किल बना रहता है। वाहन गुजरते समय पैदल चलने वाले लोगों पर दूषित पानी के छींटे पड़ते रहते हैं। लोगों ने अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। दुकानदारों ने बताया कि सर्विस रोड पर दूषित पानी की समस्या को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को शिकायत भेजी जा चुकी है।

## आजादी में आर्य समाज की भूमिका सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि देश को आजाद कराने में क्रांतिकारियों के साथ-साथ आर्य समाज की भूमिका भी सराहनीय रही थी। आजादी के बाद भी आर्य समाज आमजन में जनजागृति लाने व कुरीतियों को दूर करने में बड़ा योगदान दे रहा है। वंदना वीरवार को बव्वा गांव में बलबीर सिंह आर्य की पुण्यतिथि पर आयोजित आर्य समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। सम्मेलन की अध्यक्षता गहाड़ा निवासी रामेश्वर दयाल आर्य ने की।डा. पोपली ने कहा कि आर्य समाज आज भी राष्ट्र निर्माण में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। गांव-गांव में आर्य समाज की स्थापना की जा चुकी है। विश्व को आर्य बनाओं, घर-घर पर ओम का झंडा फहराओ अभियान महर्षि दयानंद सरस्वती ने चलाया था।



### आगंतुकों का आभार जताया

दयानंद प्रधान आर्य समाज बवा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। आर्य समाज के सम्मेलन का मंच संचालन सत्यप्रकाश आर्य ने किया। जगफूल यादव पूर्व उप जिला प्रमुख, नीतू चौधरी पूर्व पार्षद, दयाराम आर्य , तुलाराम आर्य, रोशन लाल आर्य, मा. नरेश यादव, रामतीर्थ प्रधान आर्य समाज रेवाड़ी, बाबूलाल कोषाध्यक्ष ,सुनिता सरपंच,श्रुति आर्य, सुयश आर्य, अनिल मोरवाल, प्रिन्शिपल महेन्द्र सिंह, बिहारी लाल आदि मौजूद रहे।

## जिला युवा महोत्सव में आरपीएस स्कूल कोसली के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में आयोजित जिला युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के छात्रों ने गायन, नृत्य, भाषण, कविता पाठ, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला से सभी को प्रभावित किया। विद्यालय की छात्रा विधि ने चित्रकारी में द्वितीय स्थान और दीपाली मेहता, ज्योति, ऋषिका, सुमेधा, माही, तरुण, निधि अग्रवाल, खुसबू, धुर्विका ने देशभक्ति समूह गीत में तृतीया स्थान हासिल किया। इस अवसर पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव, आरपीएस स्कूल कोसली के निदेशक हंसराज यादव एवं विद्यालय की प्राचार्या अंजू यादव ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी।

## सैनिक स्कूल के प्रशासनिक बोर्ड की बैठक लेखा संबंधित गतिविधियों पर हुई व्यापक चर्चा



**रेवाड़ी।** गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल वीरवार को प्रशासनिक बोर्ड की 17वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह, वरिष्ठ प्रशासन प्रभार-अधिकारी ने की। उनके साथ ग्रुप कैप्टन रजनीश कुमार, कमान शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान भी उपस्थित रहे। विद्यालय आगमन पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने एलबीए चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह व बोर्ड सदस्यों का स्वागत किया। एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह के विद्यालय आगमन के बाद विद्यालय एनसीसी कैडेट्स ने सभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। विशेष कैडेट प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष ने कक्षा 9-12 तक उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स ईशिका राव, कमल सिंह, उद्धव, नैंसी, विशेष, आयुष राघव को पारितोषिक प्रदान किये। इसके साथ राष्ट्रीय सैनिक स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं कैडेट ऋचा, 400 मीटर रेस व कैडेट देवयानी, 1500 मीटर रेस को भी पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## राज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नॉर्थ जोन प्री-नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों गौरांग और ईशा यादव ने 44वीं नॉर्थ जोन प्री-नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता त्रिशूल शूटिंग रेंज महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर, देहरादून में आयोजित की गई थी। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने गौरांग और ईशा यादव को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**प्रतियोगिता** देहरादून में आयोजित हुई नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता

# प्रथम स्कूल के तीन विद्यार्थियों का अचूक निशाना नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रथम इंटरनेशनल स्कूल तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन की बदौलत नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। देहरादून में आयोजित नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में सटीक निशाना लगाने के बाद स्कूल के लक्ष्या, वंशिका और यश को नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया है।

यह प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित हुई थी, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत उच्च था, लेकिन लक्ष्या, वंशिका और यश ने अपने आत्मविश्वास, निरंतर अभ्यास और सटीक निशाने से सभी को प्रभावित किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल स्कूल का गौरव बढ़ाया है, बल्कि रेवाड़ी जिले के लिए भी यह गर्व का क्षण बन गया है। अब यह तीनों खिलाड़ी 11 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित होने वाली नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे, जहां देशभर के श्रेष्ठ निशानेबाजों के बीच मुकाबला होगा। यह उनके लिए एक सुनहरा अवसर होगा जहाँ वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और मेहनत का प्रदर्शन करेंगे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### स्कूल प्रबंधन ने दी विद्यार्थियों को बधाई

विद्यालय के डायरेक्टर उत्तम सिंह, सह-संस्थापक कृष्णा यादव और एमडी हिमांशु यादव ने इन तीनों बच्चों की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उत्तम सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों का नेशनल लेवल तक पहुंचना स्कूल के लिए गर्व की बात है। यह इस बात का प्रमाण है कि जब बच्चों को सही दिशा और अवसर दिए जाएं, तो वह किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं।